# दूसरे दिन भी धान खरीदी का आंकड़ा रहा शून्य

## अभी तक 1350 स्लॉट बुक



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में धान खरीदी की तिथि 2 दिसम्बर से नियत थी लेकिन न तो पहले दिन बल्कि दूसरे दिन भी धान खरीदी का आंकड़ा शुन्य रहा क्योंकि किसी भी केन्द्रों में किसानों ने अपनी उपज नहीं बेची। जिले में इस बार धान खरीदी के लिए 86 केन्द्र बनाए गए हैं। पहले दिन करीब 1000 से अधिक और दूसरे दिन करीब 350 किसानों ने स्लॉट बुक कराए हैं। इस प्रकार अभी तक करीब 1350 किसानों के स्लॉट बुक हो चुके हैं लेकिन खरीदी केन्द्रों में अभी तक खरीदी शुरू नहीं हो पाई है। बताया जाता है कि खरीदी केन्द्रों में व्यवस्थाएं लगभग पूरी हो चुकी है। केन्द्रों में 80 प्रतिशत बारदाना पहुंच चुका है। कुछ केन्द्रों में बारदाना पहुंचना बाकी है। सूत्रों का कहना है कि कई केन्द्रों में बारदाना की आपूर्ति नहीं हो पाई है वहीं कहीं कहीं जिम्मेदार ऑपरेटर और सर्वेयर भी केन्द्रों में दूसरे दिन भी नजर नहीं आए। हालाकि कहा जा रहा है कि सम्भवत: एक दो दिन में जिले में धान खरीदी की शुरूआत हो सकती है।

### धान में नमी की मात्रा अधिक

जानकारों का कहना है कि अभी धान खरीदी की शुरूआत इसलिए भी नहीं हो पा रही है क्योंकि धान में नमी की मात्रा अधिक है, धान खरीदी के लिए नमी की मात्रा 16 प्रतिशत तक होना चाहिए लेकिन वर्तमान में कई जगह इसकी मात्रा 18-19 प्रतिशत तक देखी जा रही है। इससे भी केन्द्रों में धान खरीदी प्रभावित है।

# धान उपार्जन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने उपार्जन व्यवस्था को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी उपार्जन केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित हो। इसके लिए सभी अधिकारी तत्परता से कार्य करें। उपार्जन कार्य में जो अधिकारी-कर्मचारी बीमार होने का कारण बता रहे है, उन्हें मेडिकल बोर्ड के सामने लाकर चेक कराए। उत्पादन केंद्र में बारदाना, तौल कांटा, छन्ना, पंखा, छाया व पानी आदि की व्यवस्था तत्काल करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे खरीदी केंद्र व वेयर हाउस निरीक्षण करें, उसमें क्या दिक्कत आ रही है, इसके रिपोर्ट दे। यदि कोई वेयरहाउस संचालक उपार्जन कार्य में सहयोग नहीं कर रहा है, तो उसके लाइसेंस निरस्त करे। साथ ही उनके सब्सिडी भी वापस लें।

# ठंड में सुबह लगने वाले स्कूलों के समय में परिवर्तन के आदेश जारी किए जाए

जबलपुर, देशबन्धु। नगर मे सर्दी बढ़ने लगी है। ऐसे में छोटे उम्र के बच्चों को परेशानी हो रही है। इसे लेकर स्कूलों का समय बदलने की बात की जाने लगी है।

दिसंबर का महीना शुरू हो गया है ठंड की अधिकता को देखते हुए प्रदेश की प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाएं शासकीय और अशासकीय जो सुबह की पारी में लग रही है के समय में परिवर्तन किया जाना चाहिए।

जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के महामंत्री जयािउर्रहीम और प्रांतीय सचिव राजेश सहारिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम बताया है की कड़ाके की ठंड में मासूम छोटे-छोटे बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सुबह की पारी में लगने वाले सभी विद्यालयों का समय सुबह 8.30 बजे से किया जाए। जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर ना पढ़ सके। बढ़ती ठंड से बच्चों के बीमार पड़ने की आशंका अधिक बढ़ जाती है जिससे उनके स्वास्थ के साथ ही उनकी पढ़ाई पर भी विपरीत असर पड़ेगा अतः कलेक्टर महोदय से विनम्र निवेदन है की सुबह की पाली में लगने वाली प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं का समय सुबह 8.30 बजे से किया जाय ` संगठन के महामंत्री जियाउर्रहीम ,राजेश सहारिया, हेमंत ठाकरे, दिनेश गोंड, फिलिप एंथोनी ,गुडबिन चार्ल्स, राकेश श्रीवास, विनोद सिंह, रऊफ खान ,गोपी शाह, दीपेश जैन, राजकुमार यादव, मनमोहन चौधरी, संतोष चौरसिया, सुरेंद्र चौधरी, सुधीर अवधिया, आशीष कोरी आदि ने मांग की है।



# मुख्यमंत्री डॉ यादव का जबलपुर विमानतल पर हुआ आत्मीय स्वागत

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का भोपाल से वायुयान द्वारा दोपहर 12.52 बजे जबलपुर एयरपोर्ट आगमन हुआ। इस दौरान जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्प से देकर आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के एयरपोर्ट जबलपुर आगमन के दौरान विधायक अशोक रोहाणी, संतोष बरकड़े, नगर निगम की महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, अखिलेश जैन, पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी, आईजी अनिल कुशवाह, डीआईजी अतुल सिंह, कलेक्टर दीपक सक्सेना, एसपी संपत उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दोपहर 1.10 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा बालाघाट के लिए प्रस्थान किया।

# भारत के प्रथम राष्ट्रपति का पुण्य स्मरण

## कायस्थ महासभा का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा पाकर हमें निरंतर कार्य करना चाहिए जिससे हम अपने साथ-साथ समाज और राष्ट्र का उत्थान करने में सहयोगी हो सके देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का जीवन हम सभी को प्रेरणा देता है कि व्यक्ति यदि दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करे तो सफलता निश्चित ही प्राप्त होती है।

अमर शहीद खुदीराम बोस ने राष्ट्र के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करते हुए हम सभी को संदेश दिया है कि राष्ट्र सर्वोपरि है कायस्थ कुल गौरव मुंशी काली प्रसाद, कुलभास्कर ने युवाओं को शिक्षित और स्वावलम्बी बनाने के लिए कायस्थ पाठशाला की स्थापना की जो आज एशिया का सबसे बड़ा ट्रस्ट बन चुका है।

उक्त आशय के उदगार अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने डॉ राजेन्द्र प्रसाद, अमर शहीद खुदीराम बोस एवं मुंशी काली प्रसाद जी की जयंती पर पुण्य स्मरण करते हुए व्यक्त किये।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, महिला जिलाध्यक्ष डॉ. रेनू श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव, भानू श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, विजय खरे, बीना श्रीवास्तव, शिवा श्रीवास्तव आदि ने भी उपस्थित होकर महापुरूषों के प्रति अपनी भावांजलि अर्पित की।

# विश्व एडस दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**जबलपुर,देशबन्धु।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जबलपुर इस्टीटयूट ऑफ नर्सिंग साइंस के छात्र-छात्रों द्वारा कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के रानीदुर्गावती विवि के समन्वयक डा. शोभाराम मेहरा थे। कार्यशाला के मुख्यवक्ता डॉ राजेश कुमार झारिया क्लीनिकल सर्विस ऑफिसर क्षेत्रीय संयुक्त स्वास्थ्य सेवायें जबलपुर संभाग थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सपना दास ने की कार्यशाला में महाविद्यालय के 200 छात्र छात्राऐं अध्यापक तथा कर्मचारी सम्मिलित हुए कार्यशाला का संचालन कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. अनूप तिवारी एवं महाविद्यालय की एस.एन.ए सलाहकार श्रीमति आराधना धन्यवाद ने किया।

कार्यक्रम का संचालन अरनिका तथा नेहा शुक्ला एवं आभार प्रदर्शन उप प्राचार्य डॉ. प्रिन्सी साजी द्वारा किया गया कार्यक्रम में प्रो. सुरभि केहरी, रिशिका कोठारी, श्रीकान्त त्रिपाठी, सुखदेव साहू, मधुवेश मिश्रा, धनंजय यादव का योगदान रहा।



# कई क्षेत्रों के हटाये गये अतिक्रमण



**जबलपुर, देशबन्धु।** निगमायुक्त प्रीति यादव के आदेशानुसार शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

शहर में जहाँ-जहाँ भी अतिक्रमण हुए हैं और यातायात बाधित हो रहा है इस बात को दृष्टिगत रखते हुए लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अतिक्रमण शाखा के अधिकारियों एवं सभी दल प्रभारियों के द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गयी।

इस संबंध में सहायक अतिक्रमण अधिकारी सागर बोरकर ने बताया कि उखरी तिराहा से अहिंसा चौक तक, सुपरमार्केट से लार्डगंज थाने के सामने, गंजीपुरा मार्केट, तुलाराम चौक होते हुए बड़ा फवारा तक कार्रवाई करते हुए 8 ठेले जप्त किये गए। उन्होंने कहा कि अगर दोबारा यातायात में बाधा उत्पन्न की जाती है तो दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।




**जबलपुर, देशबन्धु।** विकलांग दिवस पर स्कूली बच्चों के साथ बड़े फुव्वारे से रैली निकाली गई।

# जनसुनवाई में विभिन्न मामलों के आये 160 आवेदन



**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय में आज मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई में आम नागरिकों से 160 आवेदन प्राप्त हुये। अपर कलेक्टर नाथूराम गौड और अन्य अधिकारियों ने जनसुनवाई में आये नागरिकों से उनकी समस्यायें सुनी तथा प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने को कहा। जनसुनवाई में आये ज्यादातर प्रकरण नामांतरण, सीमांकन, अतिक्रमण, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्साल सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने, निजी भूमि से कब्जा हटवाने, सीमांकन और पारिवारिक विवाद से सबंधित थे। जनसुनवाई में आये 113 आवेदनों के अलावा 47 ऐसे आवेदन भी प्राप्त हुये जो पूर्व की में आ चुके थे।

इस दौरान अपर कलेक्टर श्री गौड ने जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को भी दिये।

# पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा से मरीज को बैंगलोर इलाज के लिए भेजा गया

**जबलपुर, देशबन्धु।** पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा मरीजो के लिए वरदान साबित हो रहा है। इसका एक उदाहरण है जबलपुर की निवासी 76 वर्षीय श्रीमति फूलमति पाण्डे, जो कि फ्लेम बर्न से पीड़ित हैं एवं वह जबलपुर के एक प्रायवेट हॉस्पिटल में भर्ती थीं। उपचार के बावजूद मरीज की स्थिति में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उन्हें उच्च चिकित्सा केन्द्र जाने की सलाह दी।

सीएमएचओ संजय मिश्रा ने कहा कि ऐसी स्थिति में उनके समुचित उपचार के लिए पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा द्वारा बैंगलोर के सेन्ट जॉन्स मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल ले जाने का निर्णय लिया गया।

# बालक क्रिकेट प्रतियोगिता में कटनी विजयी



**जबलपुर, देशबन्धु।** सम्भागीय क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित अंतर जिला अंडर- 18 वर्षीय बालक वर्ग में 02 से 04 दिसंबर तक विरूद्ध कटनी जिले के मध्य खेला जा रहा फाइनल मैच तीन दिवसीय मैच में दो दिन भी नहीं चल सका।

कटनी जिले ने जबलपुर जिले को 08 विकेटो से परास्त किया। जबलपुर जिले ने दूसरी पारी में दूसरे दिन बिना विकेट गंवाए 04 रनों से आगे खेलना शुरू किया मगर जैसा पहला दिन दोनों जिलों (जबलपुर -125) तथा (कटनी -63) की पहली पारी में गेंदबाजों के नाम रहा वहीं दूसरे दिन भी कटनी जिले के गेंदबाजों ने दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए जबलपुर जिले की दूसरी पारी को 73 रनों पर सिमेट दी, 32 रनों 05 तथा भोजनावकाश पर 67 रनों में 08 विकेट गंवाने के बाद जबलपुर जिले की दूसरी पारी मात्र 73 (49.4) रनों पर सिमट गई, जबलपुर जिले से सय्यद सुमाहिल 14, मलय लोहिया 10 तथा अर्पित पटेल नाबाद 10 रनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दुहाई के आंकड़े को छू ना सका।

कटनी जिले से कप्तान हर्ष मंगलानी और यश तिवारी ने 3-3 विकेट,विजेंद्र ने 02 तथा अभिनव दुबे 01 व एक बल्लेबाज (मलय)रन आउट हुआ।

जीत के लिए 136 रनों के लक्ष्य को कटनी जिले ने कप्तान हर्ष मंगलानी की आक्रामक शतकीय कप्तानी पारी के चलते 02 विकट पर 137 (26.3) रन बनाकर 08 विकेट से जबलपुर जिले पर जीत दर्ज कर अंडर -18 अंतर जिला प्रतियोगिता का विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। हर्ष मंगलानी ने 102 (110) रनों की नाबाद पारी में 12 चौके और 03 छक्के लगाए, आदित्य गौतम 24 तथा साहिल 0 रन पर नाबाद रहे।

जबलपुर जिले से मलय लोहिया और अलंकृत सिंग ने 1-1 विकेट लिया। मैच के अम्पायरस, अमित यादव,विष्णु पटेल तथा स्कोरर प्रहलाद रावत रहे।

# नवम्बर तक पमरे ने लगभग 34 मिलियन टन से अधिक माल लदान किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के निरंतर मॉनेटरिंग में पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय पर गुड्स ट्रैफिक फ्रेट लोडिंग बढ़ाने के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न बैठकें आयोजित की जाती हैं। इसी कड़ी में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के निर्देशन में तीनों मण्डलों पर वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए गुड्स लोडिंग को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने इस वित्तीय वर्ष के आठ माह में कुल 33.76 मिलियन टन माल लदान किया है। जिसमें अकेले नवम्बर माह में 04.29 मिलियन टन माल लदान किया है।

माल यातायात बढ़ाने के लिए पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय और तीनों मंडलों द्वारा फ्रेट लोडिंग को बढावा दिया जा रहा है। इसके साथ ही मुख्यालय और तीनों मंडलों पर मालभाड़ा व्यापारियों के साथ समन्वय बनाने के उद्देश्य से समय-समय पर बैठक आयोजित की जाती है।

गुड्स ट्रैफिक को बढाने के लिए गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल एवं प्राइवेट फ्रेट टर्मिनल को बढावा दिया जा रहा है। माल यातायात को बढ़ाने के लिए रेलवे द्वारा मालभाड़ा व्यापारियों को कई तरह की रियायतें/ छूट एवं अन्य सुविधाएँ भी दी जा रही हैं। इसके साथ ही रेकों की ट्रैकिंग कर उनके कंसाइनमेंट की समय पर सटीक जानकारी दी जा रही है। इसके साथ मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया गया और साथ ही साथ ऑपरेशनल सुधार भी किए जा रहे है। कई माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएं दी जा रही। आगे भी इस तरह पश्चिम मध्य रेल द्वारा माल यातायात की उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए प्रयास आगे भी निरंतर जारी रखे जाएंगे।

# आरटीओ में कमीशन खोरी के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर युवा कांग्रेस के तत्वावधान में नगर अध्यक्ष विजय रजक के नेतृत्व में संगठन के सैकड़ो कार्यकर्ताओं द्वारा आज जबलपुर आरटीओ कार्यालय पहुंचकर जबलपुर आरटीओ रघुवंशी को ज्ञापन सौंप कर कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार कमीशन खोरी, घूसखोरी से अवगत कराया गया और उसे जल्द खत्म करने की मांग की। कि जानकारो के मुताबिक इस भ्रष्टाचार कमीशन खोरी की जानकारी जबलपुर आरटीओ महोदय को भी है लेकिन सत्ता के संरक्षण में आम नागरिकों की जेब मे डाका डाला जा रहा है सुधार न किए जाने पर संगठन ने जल्द उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

आज के कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष विजय रजक, शुभम रजक, अंकुर गुप्ता, स्वर्णिम समैया, रोहित दुबे, रवि रजक, आशुतोष शुक्ला, विनय पटेल, सुमित गुप्ता, राहुल यादव, आयुष लाला, विवेक ठाकुर, मोहित सुफेले, देवेंद्र काली, विवेक अहिरवार, राहुल अहिरवार, अन्नू सेन आदि युवा नेता उपस्थित थे।

# एलिमेंटरी एजुकेशन प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के द्वितीय अवसर का परीक्षा कार्यक्रम घोषित

**जबलपुर, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा डिप्लोमा इन एलिमेंटरी एजुकेशन प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की द्वितीय अवसर की परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है।

विद्यार्थी परीक्षा कार्यक्रम की तिथिवार विस्तृत जानकारी मंडल की वेबसाइट www.mpbse.nic.in पर देख सकते हैं।

# सी.एम. हेल्पलाइन की शिकायतें पेंडिंग न रहे : निगमायुक्त



**जबलपुर, देशबन्धु।** सी.एम. हेल्प लाइन के माध्यम से नगर निगम को प्राप्त शिकायतों की मंगलवार को निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार, नोडल स्वच्छ भारत मिशन एवं उपायुक्त संभव अयाची, उपायुक्त श्रीमति अंकिता जैन एवं स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल के द्वारा मानस भवन प्रेक्षागृह में समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में सभी संभागों के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक अपने-अपने संभागों की सी.एम. हेल्पलाइन की शिकायतों की जानकारी के साथ उपस्थित रहे। बैठक के दौरान निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार उपायुक्त संभव अयाची ने उपस्थित सभी अधिकारियों को सी.एम. हेल्प लाइन की शिकायतों को पेंडिंग न रखने के निर्देश देते हुए कहा कि सी.एम. हेल्पलाइन के प्रकरणों पर गंभीरता पूर्वक कार्यवाही करते हुए संतुष्टि के साथ उसका समयसीमा में त्वरित निराकरण कराएं।




**तापमान में गिरावट के बावजूद शहर की वायु उत्तम** -शहर की वायु गुणवत्ता में और अधिक सुधार आये और शहर में स्वच्छ और स्वच्छता का चहुँओर वातावरण बने इसके लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं और उनके प्रयास सार्थक भी हो रहे हैं।

निगमायुक्त श्रीमति प्रीति यादव के निर्देशानुसार आगामी 100 दिवस शीतकालीन कार्य योजना की रूपरेखा के अनुरूप कार्य करने का ही यह परिणाम है कि पिछले वर्ष 2023 के नवंबर माह में जबलपुर शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक औसतन 185 था, जो कि इस वर्ष 2024 में औसतन 157 रहा है। इसी प्रकार पिछले वर्ष 2023 के नवंबर माह में जबलपुर शहर का पी.एम.10 (पार्टिकुलेट मैटर 10 माइक्रोन) औसतन 130 था, जो कि इस वर्ष 2024 में औसतन 121 रहा है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया की वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु लगातार निगम द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन के द्वारा सड़कों में जमी हुई धूल को साफ करने के लिए दिन एवं रात दो पाली में कार्य किया जा रहा है। मिस्ट फॉगर मशीन द्वारा डिवाइडर और सड़कों के पास लगातार फॉगिंग की जा रही है, जिससे धूल के कण वातावरण की वायु को दूषित नहीं कर सकें। उन्होंने बताया कि एक्यूआई मॉनिटरिंग स्टेशनों के आस-पास मिस्ट फॉगर मशीन से लगातार फॉगिंग का कार्य किया जा रहा है, वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सुबह और रात में पीक आवर्स के दौरान पानी के छिड़काव, सड़कों की सफाई और अन्य संभावित उपायों के निरंतर संचालन की जांच के लिए 10 चिन्हित क्षेत्रों (हॉटस्पॉटों) पर विशेष निगरानी की जा रही है।

**जनसुनवाई में प्राप्त हुए 20 प्रकरण**-निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने जनसुनवाई कक्ष में आज दिनांक 03 दिसंबर 2024 को प्रात: 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नागरिकों की समस्याएँ सुनी। इस दौरान भवन शाखा, अतिक्रमण, शासकीय योजना, संपदा, सीवर, बाजार विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं से संबंधित 20 जनसमस्याएँ प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया।

## विधायक पांडे ने माता बगलामुखी मंदिर में महाआरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया



**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्तर मध्य विधानसभा सेवक डॉ.अभिलाष पांडे ने जनसेवा के 1 वर्ष पूर्ण होने पर सिविक सेंटर स्थित माता बगलामुखी के मंदिर में महा आरती कर प्रसाद वितरण किया। विधायक अभिलाष पांडे ने जन सेवा हेतु 24 घंटे 365 दिन समर्पित रहकर उत्तर मध्य विधानसभा की जनता की सेवा करने का प्रयास किया है उन्होंने कहा कि मैं जिस दिन से विधायक बना हूं मैंने एक सेवक के रूप में विधानसभा के अंदर काम किया है आज मुझे सेवा करते हुए एक वर्ष हो गए मैंने विधानसभा के अंदर 5 सेवा, शिक्षा, सुरक्षा,स्वास्थ्य, और संस्कारधानी का वासी हूं इसलिए संस्कारों पर भी काम कर रहा हूं।

साथ ही उन्होंने कहा कि उत्तर मध्य विधानसभा के अंदर 1 वर्ष पूर्ण होने पर मैंने यह संकल्प लिया है अब मेरे विधानसभा की जनता को मेरे कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है मैं स्वयं जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने के लिए कर्तव्य निष्ट रहूंगा। महाआरती के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभात साहू,शंकर श्रीवास्तव, शरद अग्रवाल,राजेश द्विवेदी,पंकज दुबे, सदानंद गोडबोले, नंदू यादव ,रोहित जैन,रूपराम पटेल, कैलाश रजनी साहू, सुनील जैन नेता, प्रताप सिंह, मंजेश जैन,राजकुमार गुप्ता, सत्येंद्र शर्मा,रंजीत ठाकुर, अभिषेक तिवारी,योगेश बिलोहा, संतोष लालवानी,अतुल जैन, नवीन रिछारिया,सुनील शर्मा, संतोष झरिया,अमित जैन,लालू यादव, विद्वेष भास्कर,श्रीकांत कुक्की, प्रीति बाजपेई,नीता रजक, श्वेता सिंह,सुमन यादव, आदि उपस्थित रहे।

## प्रभातफेरी संकीर्तन की अलख जागने वालों का हुआ सम्मान



**जबलपुर, देशबन्धु।** नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा समिति भेड़ाघाट के द्वारा परम पूज्य हनुमान बाग पीठाधीश्वर बृजेश मिश्रा हरे कृष्णा आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्रदास जी महाराज हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जज एच पी सिंह भारतीय मजदूर संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुकांत ठाकुर ज्योतिषचार्य पं रोहित दुबे बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल की गरिमामय उपस्थिति में जबलपुर में सुबह प्रभात फेरी संकीर्तन के माध्यम से अलख जगा रहे भक्तों का सम्मान किया गया।

85 साल के बुजुर्ग से लेकर 12 वर्ष तक के बच्चे का सम्मान किया गया

**अतिथियों ने कहा युवा जब संकीर्तन करने लगेगा तो भारत विश्व गुरु बन जाएगा-** अभिनंदन पत्र दुपट्टा मोती माला स्वर्गीय रोहिणी प्रसाद ठाकुर श्री गोविंद सोनी श्री जीवन लाल श्री सुभाष अग्रवाल जी श्री राधे श्याम शर्मा सुरेंद्र सिंह राठौड़ श्री सुरेश कुमार सोनी नागौद उमेश अग्रहरि चंद्र प्रकाश श्रीवास श्रीमती गायत्री राजपूत महावीर प्रसाद शर्मा हरिराम सेन मुकेश कुमार चौकसे विनोद पटवा मुकेश केसरवानी कैलाश संजय ताम्रकार गजेंद्र सिंह पटेल बृजेश अग्रहरी, अल्केश गुप्ता संजय मिश्रा, प्रशांत गुप्ता, नवनीत पटवा मोहनलाल कोस्ति श्याम मनोहर पटेल शरद अग्रहरि पंकज सोनी गुलशन विश्वकर्मा अभिषेक अग्रहरी श्री देव व्रत सोनी श्री 12 वर्ष के राघवेंद्र साहू को प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल आभार प्रदर्सन डॉ शिव शंकर पटेल ने किया इस अवसर पर पंमनमोहन दुबे उपस्थित थे।

## देशभर से 3000 प्रतिभागी होंगे शामिल, शहर से स्टूडेंट्स 5 तक करवाएंगे रजिस्ट्रेशन

**जबलपुर, देशबन्धु।.** 2047 विकसित भारत विषय पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव में शहर के युवाओं को भी जुड़ने का अवसर मिल सकेगा। दरअसल दिल्ली में पीएम द्वारा 3000 युवाओं से विकसित भारत के रोड मैप को लेकर जनवरी में संवाद करेंगे। इसी कड़ी में शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में युवाओं को राष्ट्रीय युवा महोत्सव की जानकारी प्रदान की गई। वहीं युवाओं को बताया कि वे 5 दिसम्बर तक पंजीयन करवा सकते हैं। महोत्सव के लिए चार चरणों में चयन प्रक्रिया होगी। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया, प्रभारी प्राचार्य डॉ. शिखा सक्सेना, डॉ सुनीता शर्मा, एनसीसी प्रभारी डॉ. सुमन प्रभाकर, एनएसएस प्रभारी डॉ. रचना सांचा युवाओं से रूबरू हुए। **नए रूप में होगा चयन**-इसमें देश से 15 वर्ष से 29 वर्ष के युवा ही भाग ले सकते हैं। महोत्सव का हिस्सा बनने के लिए युवाओं को पहले युवा भारत एप पर क्विज प्रतियोगिता में 5 दिसम्बर तक सहभागिता करनी होगी। दूसरे चरण में विकसित भारत जैसे 10 विषयों पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित होगी। तीसरे चरण में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित विषय पर विकसित भारत के लिए अपने दृष्टिकोण पर प्रजेंटेशन देंगे। अंतिम चरण में दिल्ली में राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन होगा।





## अद्भुत अनुभव के संस्मरण के साथ खाटू श्याम यात्रा संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कार सेवा समिति द्वारा जबलपुर से स्पेशल ट्रेन लेकर 1700 यात्रियों का जाप था रविवार को जबलपुर से खाटू श्याम की नगरी के के लिए विशेष ट्रेन द्वारा रवाना हुआ था, मंगलवार शाम सभी यात्री दर्शन कर वापस संस्कारधानी लोटे।इस अवसर पर यात्रा के संयोजक डॉक्टर सुधांशु गुप्ता ने बताया कि अद्भुत भविष्यवाणी भक्ति में वातावरण के बीच यात्रा निर्विघ्न संपन्न हुई। यह पहला अवसर था जब इतनी बड़ी संख्या में संस्कारधानी से श्रद्धालुओं ने जाकर भगवान खाटू श्याम के दर्शन किए। यात्रा के दौरान यात्रियों ने पूरे रास्ते भर भजन कीर्तन करते हुए यात्रा को यादगार बनाया है। भगवान खाटू श्याम को भी ध्वज अर्पित करते हुए संस्कारधानी सहित प्रदेश की खुशहाली की कामना भी इस अवसर पर की गई। श्री सुधांशु गुप्ता ने बताया कि सभी 1700 यात्रियों इस सुविधाओं के लिए विशेष रूप से ध्यान दिया गया जिसमें समिति के वालंटियर और ने हर कोच में ही व्यवस्था बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है इसके लिए मैं समिति के सभी सदस्यों का सहयोगियों का हार्दिक आभार ज्ञापित करता हूं। मंगलवार शाम को मदन महल स्टेशन में ट्रेन की वापसी होने पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रभात साहू , शरद अग्रवाल सहित अन्य सहयोगियों ने यात्रियों का पुष्प माला पहनकर उन्हें सफल यात्रा की बधाई भी दी।

## ब्रह्मचारी डॉ. गिरीशानंद का आगमन आज


**जबलपुर/इंदौर, देशबन्धु।** शंकराचार्य मठ के अधिष्ठाता ब्रह्मचारी डॉ. गिरीशानंद महाराज आज जबलपुर आएंगे। सुबह 10 बजे सिविक सेंटर स्थित शंकराचार्य मठ पहुंच कर मां बगलामुखी के दर्शन करेंगे। तत्पश्चात



पूज्य ब्रह्मचारी सुबुद्धानंदजी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।शाम 4:00 बजे शैलपर्ण उद्यान देवताल स्थित बैठक जी में धर्म सभा को संबोधित करेंगे। वरिष्ठ पुजारी पंडित सुरेंद्र शर्मा, शंकराचार्य भक्त मंडल गढ़ा जबलपुर के अध्यक्ष नारायण साहू , पुरुषोत्तम सोनी, राजेश साहू, लक्ष्मी साहू, अमरचंद नवलखा, पंकज उपाध्याय, सुरेश पांडे, राकेश रोहेला, मंत्र रोहेला, पंचम सोनी, स्वदेश और सत्यम चौरसिया आदि ने आम जन से सभा में उपस्थित होकर महाराज श्री के दर्शन एवं सनातन धर्म की अमृत वर्षा का लाभ लेने की अपील की है।

## मानव जीवन का करें सार्थक उपयोग : स्वामी नरसिंह दास

**जबलपुर, देशबन्धु।** जीवन भर की एकत्र कमाई को व्यय करने पर भी समय के एक पल को नहीं खरीदा जा सकता है। इस मानव जीवन का एक-एक क्षण बड़ा ही अमूल्य है इसलिए समय का दुरुपयोग करने से सदैव बचना चाहिए। समय निरंतर गतिशील एवं परिवर्तनशील है, प्रतिक्षण घट रहा है। यह आज है, कल नहीं और अभी है, फिर नहीं। समय मूल्यवान और बहुमूल्य नहीं वह तो अमूल्य है। समय किसी के साथ नहीं चलता, हमें ही इसके साथ चलना पड़ेगा। समय का सदुपयोग बुद्धिमत्ता है तो समय का दुरुपयोग बहुत बड़ी बुद्धिहीनता है। समय के महत्व को विशेष रूप से समझते हुए अपने जीवन को निरंतर सद् कार्यों में, शुभ कार्यों में एवं श्रेष्ठ कार्यों में लगाया जाये ताकि यह मानव जीवन सार्थक हो सके ।नर्मदा तट पर मार्गशीर्ष मास में श्रीहरि का नाम जप करने से सीधे बैकुंठ की प्राप्ति होती है। इसलिए दरिद्र-नारायण सेवा, हरि नाम स्मरण करते सभी कार्य करना चाहिए उक्त उद्गार व्यास पीठ से कथा व्यास श्री नरसिंहपीठाधीश्वर डॉ स्वामी नरसिंह दास जी महाराज ने नरसिंह मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा पुराण में व्दितीय दिवस कहे। श्रीमद्भागवत पुराण,व्यास पीठ का पूजन रंजना उपाध्याय, अजय सविता उपाध्याय, प्रवेश खेड़ा, विष्णु पटेल, आचार्य रामफल शास्त्री,हिमांशु शास्त्री, विध्येश भापकर ,डॉ संदीप मिश्रा, राजेन्द्र यादव,मनोज पटेल ने किया ।



## लहरों पर जीना इनका ख्वाब, सफेद वर्दी पहनने का सपना पूरा कर रहा एनसीसी



**जबलपुर, देशबन्धु।** लहरों पर रोमांच की सवारी इन्हें पसंद है। शिप की उथल पुथल भरी रफ्तार इन्हें रोमांचित करती है। हिल्लोरे मारती लहरों पर यह जी भर कर जीना चाहते हैं। सफेद वर्दी इनका जुनून है, जिसे पहनकर देश सेवा करना चाहते हैं। हम यहां बात कर रहे हैं नेवल कैडेट्स की। शहर में कई कैडेट्स ऐसे हैं जो भारतीय नौ सेना में जाने के सपने बुन रहे हैं। नेवल यूनिट के कई कैडेट्स जहां नौ सैनिक कैम्प अटैंड कर चुके हैं, वहीं आइएनएस (भारतीय नौसेना जहाज) की सवारी करने का गौरव पा चुके हैं। यूनिट में हैं 906 नेवल कैडेट्स 2 एमपी नेवल यूनिट एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कमांडर मयंक पुरी ने बताया कि 2 एमपी नेवल यूनिट में वर्तमान में 906 कैडेट्स हैं। कैडेट्स की संख्या अब लगातार बढ़ रही है। एनसीसी का उद्देश्य अनुशासन व एकता के साथ कैडेट्स को भारतीय सेना से जुड़ने के लिए प्रेरित करता है।

**शिप मॉडलिंग की ट्रेनिंग**-यूनिट के आकाश यादव ने बताया कि कैडेट्स को सेमाफोर, सीमैनशिप, नेविगेशन, कम्युनिकेशन, नेवल ओरिएंटेशन, शिप मॉडलिंग, सेलिंग, पुलिंग, स्विमिंग का प्रशिक्षण दिया जाता है। क्लर्क आकाश यादव का कहना है कि कैडेट्स के लिए सेना में जाने के लिए एसएसबी, एनएसबी, सीडीए की तैयारी करवाई जाती है।

**बरगी में एक्सपीडिशन कैम्प**-जबलपुर ग्रुप हैडक्वॉर्टर के अंतर्गत संचालित 2एमपी नेवल यूनिट का बरगी में एक्सपीडिशन कैम्प के संचालन भी होते हैं। इसमें अक्सर जबलपुर यूनिट को प्रदेशभर से आने वाले कैडेट्स के कार्यक्रमों की कमान संभालने का मौका मिलता है।

## दैनिक राशिफल

**बुधवार 04 दिसम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की तृतीया, नक्षत्र-पू.षा.।**

**मेष**
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ**
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। क.589-260

**कर्क**
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह**
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है।

**कन्या**
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है। क्रोध पर संयम रखें।

**तुला**
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। भाग्यवृद्धि का अवसर मिलेगा।

**वृश्चिक**
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें।

**धनु**
आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्यजीवन में सुख और आनंद मिलेगा।

**मकर**
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ**
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन**
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। बिजनेस को बढ़ाने का प्रयास करेंगे।
म. 230-390

## शैक्षणिक भ्रमण में मिली रोचक जानकारी



**जबलपुर, देशबन्धु।** पीएमश्री केवि आयुध निर्माणी खमरिया में पहली से दूसरी के कक्षा के स्टूडेंट्स को शैक्षणिक भ्रमण के लिए डुमना नेचर पार्क ले जाया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों ने जानवरों के रहने का स्थान देखा, वहीं जानवरों के रहन-सहन की जानकारी जुटाई। प्राचार्य अमित श्रीवास्तव, उपप्राचार्य राजेंद्र कुमार विश्वकर्मा, प्रधानाचार्य ऋतु मिश्रा ने बस को रवाना किया। टूर में बच्चों के साथ निर्मला झा, शशि भगत, अंशिका, पूनम बेहेरा, नीलू कोष्टा, अतुल कुमार गुप्ता, वीरेंद्र, आकांक्षा कुरील, आकृति, अंजलि, प्रियंका, रिचा त्रिपाठी मौजूद रहीं।

## गैस त्रासदी का असर वर्तमान तक है

**जबलपुर, देशबन्धु।** गर्वनमेंट साइंस कॉलेज में परिचर्चा और संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में भोपाल गैस त्रासदी को लेकर चर्चा की गई। प्रभारी प्राचार्य डॉ. शिखा सक्सेना ने कहा कि भोपाल गैस त्रासदी देश की बड़ी घटनाओं में शामिल है। इस दौरान जिस गैस का रिसाव हुआ है, उससे वर्तमान पीढ़ी तक में असर देखने को मिलता है। कार्यक्रम में छात्रों ने गैस त्रासदी के कारण, निवारण और ना होने वाली संभावनाओं से जुड़े सवाल पूछे। इस मौके पर डॉ. सुनीता शर्मा, डॉ. सुमन प्रभाकर, डॉ. रोहिणी सिंह, डॉ. समृद्धि पराजंपे, डॉ. रूपाली जैन मौजूद थे।

## रेल कर्मचारियों ने बनाया मन, डब्ल्यूसीआरई को बनाना है नंबर वन

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय रेलवे में श्रमिक संगठनों की मान्यता के लिए बुधवार 4, 5 व 6 दिसम्बर को होने जा रहे सीक्रेट बैलेट (गुप्त मतदान) की तैयारियां पूरी हो चुकी है। सभी श्रमिक संगठनों ने पूरा जोर अपने-अपने पक्ष में मतदान कराने को लगा चुका है. बात पश्चिम मध्य रेलवे (डबलूसीआर) की करें तो इस रेल जोन में पिछले दोनों चुनावों में वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) सर्वाधिक वोट पाकर नंबर वन यूनियन का तमगा हासिल किये हुए है, 11 साल बाद हो रहे इस चुनाव में भी रेल कर्मचारियों ने यूनियन को नंबर वन बनाने का पूर्ण रूप से मन बना लिया है. पश्चिम मध्य रेलवे (डबलूसीआरई) में 52 हजार से अधिक रेल कर्मचारी अपनी पसंदीदा यूनियन के मतदान करेंगे. डबलूसीआर में 5 श्रमिक संगठनों के बीच चुनाव में हैं, जिसमें सबसे मजबूत नंबर वन पर वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन है. अन्य स्थानों के लिए 4 संगठनों में टक्कर कही जा सकती है।

**हम हर समय रेल कर्मचारियों की सेवा में मुस्तैद**-यूनियन के जबलपुर मंडल अध्यक्ष बीएन शुक्ला व मंडल सचिव रोमेश मिश्रा ने कहा कि हम (डबलूसीआरईयू) हर वक्त रेल कर्मचारियों की समस्याओं के निदान के लिए मुस्तैद रहती है। यूनियन अन्य संगठनों की तरह केवल चुनाव के समय ही बरसाती मेढक की तरह सामने नहीं आते, हम लोग हमेशा ही कर्मचारियों के बीच रहते हैं। यह इसी बात से ही स्पष्ट है कि रेल कर्मचारियों ने यूनियन पर अपना भरपूर आशीर्वाद हमेशा दिया है और नंबर वन यूनियन बनाये हुए है। उन्होंने कहा कि अन्य संगठनों का सीधा संबंध राजनीतिक दलों से है। जिसमें डबलूसीआरएमएम/एनएफआईआर कांग्रेस पार्टी से जुड़ी है तो एक अन्य संगठन का बीजेपी से संबंध है तो एक का वामदलों से जुड़ाव है, केवल एआईआरएफ/डबलूसीआरईयू ही ऐसा संगठन है, जो किसी भी राजनीतिक दलों से सम्बद्ध नहीं है. वह केवल कर्मचारियों के हितों की बात करता है।




**फिर बनेंगे नंबर वन यूनियन**-मंडल अध्यक्ष बीएन शुक्ला, मंडल सचिव रोमेश मिश्रा ने बताया कि यूनियन के महामंत्री कामरेड मुकेश गालव के नेतृत्व में पश्चिम मध्य रेलवे में इस बार यूनियन ही नंबर वन यूनियन बनेगी. यह सिर्फ कर्मचारियों के विश्वास व उनकी निस्वार्थ सेवा के चलते होगा।

**विश्वास का दूसरा नाम एआईआरएफ/डबलूसीआरईयू**-उन्होंने कहा कि आल इंडिया रेलवेमैंस फेडरेशन (एआईआरएफ) व वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) रेल कर्मचारियों के बीच विश्वास का नाम है, रेल कर्मचारियों की अनेकोंनेक मांगों को पूरा कराया है. जो कुछ कमी रह गई है, उसे भी यथाशीघ्र पूरा कराया जाएगा। एनपीएस की जगह ओपीएस के लिए जो संघर्ष एआईआरएफ/डबलूसीआरईयू ने शुरू किया था, उसके परिणामस्वरूप यूपीएस के रूप में सफलता मिली है, लेकिन लाभ ओपीएस की तरह मिलने से बचा है, जिसमें ओपीएस में पीएफ की राशि जो कर्मचारी के मासिक वेतन से सेवानिवृति तक काट कर पीएफ खाते में कराया जाता था, जिसका भुगतान कर्मचारी को सेवानिवृति पर प्रभावी ब्याज सहित भुगतान कर दिया जाता था, परन्तु यह प्रावधान वर्तमान यूपीएस में नहीं है। जिसके लिये डब्ल्यूसीआरईयू/एआईआरएफ यूपीएस में जमा राशि को कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के समय ब्याज सहित भुगतान करवाने के लिये संघर्ष कर रही है।। जिसको निश्चित रूप से सरकार से लड़ाई लड़ कर प्राप्त कर लिया जायेगा। तब तक डब्ल्यूसीआरईयू/एआईआरएफ का संघर्ष यूपीएस को ओपीएस से बेहतर बनाने तक जारी रहेगा।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री रसाल सिंह निवासी-** 33, नंदन विहार, जबलपुर, का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे एस.पी. सिंह एवं देव प्रभाकर (मोनू) के पिता थे। अंतिम यात्रा आज सुबह 11 बजे गौरीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।



**श्री मनोहर पांडे-** साईं विहार ड्युपलेक्स कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री मनोहर पांडे (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती परमजीत कौर सच्चर-** गुप्तेश्वर गुरूद्वारा के पास निवासी श्री टीएस सच्चर की धर्मपत्नी श्रीमती परमजीत कौर सच्चर (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर में किया गया।

**श्रीमती ज्योति सेन-** दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री शैलेंद्र सेन की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति सेन (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रीति नायर-** भरतीपुर छोटी ओमती निवासी श्री लखन लाल नायर की धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति नायर (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चंपा बाई-** संजय गांधी नगर सदर कैंट निवासी श्री बाबू लाल की धर्मपत्नी श्रीमती चंपा बाई (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार बेन-** राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री प्रहलाद बेन के पुत्र श्री राजकुमार बेन (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नंद किशोर सोनी-** गोरखपुर जॉन्सन स्कूल के पास निवासी श्री नंद किशोर सोनी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**कार्तिक विश्वकर्मा-** छुई मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री कालीचरण विश्वकर्मा के अल्पायु पुत्र कार्तिक का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बाबू लाल-** तीस बैरक शीला कम्पाउंड के पास निवासी श्री बाबू लाल (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुंतला सोनी-** एपीआर कॉलोनी कटंगा निवासी श्री घनश्याम सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला सोनी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती फूलमति-** मोदी बाड़ा सदर निवासी श्री बुधई लाल की धर्मपत्नी श्रीमती फूलमति (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ताप्ती सेन-** साईं सुबह परिसर संजीवनी नगर निवासी श्री पीवी सेन की धर्मपत्नी श्रीमती ताप्ती सेन (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# बस की टक्कर से युवती की मौत

### राजुल टाउनशिप के समीप हुई घटना

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरा बाजार राजुल टाउनशिप तिलहरी के सामने बस ने एक्टिवा सवारी युवतियों को टक्कर मार दी। इस घटना में एक्टिवा में पीछे बैठी युवती की सिर में चोट आने के कारण घटनास्थल में मौत हो गयी। पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जानकारी के मुताबिक ज्योति पासी उम्र 22 साल निवासी बिलहरी सुबह एक्टिवा में सवार होकर काम पर जा रही थी। वाहन की सहेली चला रही थी। दोनों एक्टिवा में सवार होकर मुख्य सड़क पर पहुंची,तभी तेज रफ्तार बस ने उनकी गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। बस की टक्कर से एक्टिवा में पीछे बैठी ज्योति गिर गयी और सिर जमीन से टकराने के कारण फट गया। जिसके कारण युवती की घटनास्थल पर मौत हो गयी।

घटना के बाद आरोपी चालक घटना स्थल में वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने सूचना मिलने पर पंचनामा कार्यवाही के बाद षव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसके संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है। इस घटना में एक्टिवा चालक युवती को मामूली चोट आई है।

**नहीं पहनी थी हेलमेट-** पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक्टिवा चालक युवती हेलमेट पहने हुई थी। पीछे बैठी युवती हेलमेट नहीं लगाए हुए थी । युवती हेलमेट लगा होती तो उसका सिर सुरक्षित रहता।

# गोराबाजार का शातिर बदमाश चावरे एनएसए में गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरा बाजार थाना क्षेत्र का शातिर बदमाश राजदीप चावरे के आपराधिक रिकार्ड को देखते हुए पुलिस के प्रतिवेदन पर जिला दंडाधिकारी ने एनएसए की कार्यवाही की। पुलिस ने उक्त वारंट की तामीली करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल में निरुद्ध कराया है।

पुलिस ने बताया कि चेतना मैदान के पास बिलहरी निवासी 30 वर्षीय राजदीप चावरे एक आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जो वर्ष 2012 से आपराधिक वारदात घटित करते आ रहा है। जिसके खिलाफ गोराबाजार, बरेला व सिविल लाईन थाने में हत्या का प्रयास, लूट, अवैध वसूली, बलवा, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम व आर्म्स एक्ट सहित करीब 21 अपराध पंजीबद्ध है। जिसके खिलाफ समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई, लेकिन उसकी हरकतों में कोई सुधार नहीं हुआ। एसपी के निर्देश पर एनएसए का प्रतिवेदन जिला दंडाधिकार को भेजा गया था, जिस पर उन्होंने अपनी मोहर लगाते हुए आरोपी के खिलाफ एनएसए की कार्यवाही की।

# तालाब के पास पकड़ा गांजा तस्कर

### अधारताल पुलिस की कार्यवाही, चार किलो गांजा बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** अधारताल पुलिस ने तालाब के पास से एक तस्कर को स्कूल बैग में गांजा तस्करी करते हुए एक आरोपी को दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से चार किलो गांजा कीमती अस्सी हजार रुपये का बरामद किया है। पुलिस ने गांजा जप्त करते हुए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की।



पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर तालाब के पास दबिश दी गई। जहां एक युवक काले रंग का स्कूल बैग लिये हुए संदिग्ध हालत में खड़े दिखा। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विकास चौरसिया उम्र 28 वर्ष निवासी नर्मदा नगर गोहलपुर बताया। जिसे सूचना से अवगत कराते हुये तलाशी लेने पर बैग के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा मिला, जो कि तौल करने पर 4 किलो कीमत 80 हजार रुपये का होना पाया गया। जिसे जब्त करते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गांजे के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।

# घर में पथराव, सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हुई वारदात

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरखपुर थाना अंतर्गत गुप्तेश्वर में बदमाशों ने एक घर में पथराव कर दिया। वारदात कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस के मुताबिक श्रीधर पांडे पिता गोपाल पांडे 45 वर्ष निवासी कैलाशपुरी गुप्तेश्वर गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात करीब 11 बजे काम से वापस घर आया था इसके बाद सब लोग घर का बाहर का दरवाजा बंद कर सोने लगे कि अचानक करीबन 11.15 बजे मेरे घर के बाहर कुछ लोग उसका नाम लेकर धमकियां दे रहे थे। डर के कारण घर के बाहर नहीं निकला तभी दरवाजे पर जोर जोर से पत्थर मारने लगे फिर थोडी देर बाद वह पत्नी बेटी घर के बाहर निकले तो घर के बाहर दरवाजे के सामने पत्थर के टुकडे पडे हुए थे इसके बाद हम लोगो ने अपने घर में लगा सीसीटीव्ही फुटेज देखा जिसमें तीन व्यक्ति घर के दरवाजे पर पत्थर मारते हुए दिख रहे हैं दो व्यक्ति अपना चेहरा ढके थे एक व्यक्ति का चेहरा खुला हुआ था।

# पुलिस को देखकर बदमाश पहाड़ी से नीचे गिरा, हाथ पैर टूटे

**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा पुलिस ने हत्या के प्रकरण में फरार चल रहे एक युवक को पकडने मदनमहल पहाड़ी पर दबिश दी तो घबराकर बदमाश दौड़ा और पहाड़ी से गिर गया जिससे उसे चोटें आ गई।

सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह जानकारी देते हुए बताया है कि गढ़ा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शिब्बू इलाके में मौजूद है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की, लेकिन शिब्बू भागने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान वह फिसलकर पहाडियों से नीचे गिर गया।



घायल अवस्था में शिब्बू खान को जबलपुर के मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में पुलिस बल तैनात किया गया है।

शिब्बू खान के खिलाफ हत्या समेत 15 से अधिक गंभीर अपराधों के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि शिब्बू पर हत्या, लूट, अवैध हथियार रखने और अन्य कई गंभीर अपराधों के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि शिब्बू पर पहले भी राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई हो चुकी है। उसके अन्य साथी विभिन्न अपराधों में पहले ही जेल में बंद हैं, लेकिन शिब्बू पुलिस की पकड़ से बाहर था।

# जालसाजों की तलाश में कोलकाता पहुंची पुलिस

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरखपुर थाने में दर्ज एक प्रकरण में जांच में कोलकाता पहुंची पुलिस टीम के द्वारा छापेमारी की कार्यवाही जारी है। पुलिस सूत्रों की माने तो जालसाजों ने दो ज्वेलर्स शॉप संचालकों से दस लाख रुपए का सोना लिया और फरार हो गये थे। मामला 2022 में दर्ज हुआ था। पुलिस को आरोपियों की लोकेशन कोलकाता में मिली है। जिस पर एक टीम रवाना हुई है।

गौरतलब है कि एक चिटफंड कंपनी ने 150 बेरोजगारों को लाखों की चपत लगाई है । गोरखपुर थाने में पहले तो एक दर्जन फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे थे जिस पर पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर रूपये लेकर हड़पने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर की। लेकिन जब पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया तो न केवल आरोपियों की संख्या बढ़ी बल्कि ठगी का शिकार होने वालों की भी संख्या में इजाफा हुआ। अब तक करीब डेढ़ सौ पीड़ितों की जानकारी पुलिस तक पहुंच चुकी है। इसके साथ ही यह भी जानकारी पुलिस को मिली है कि चिटफंड कंपनी चंडीगढ़ की है जिसके मालिक की तलाश में पुलिस चंड़ीगढ़ भी रवाना हुई है।

# कॉलेज-मैरिज गार्डन से बाइक चोरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** अधारताल थाना क्षेत्र में मैरिज गार्डन के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस के मुताबिक दिनेश सोनी ने रिपोट दर्ज कराई कि वह श्रीराम कालेज जबलपुर में पढाई करता है। मामा की लडकी की शादी सुशीला मैरिज गार्डन अमखेरा पानी टंकी के पास थी जिसमें पापा के साथ शादी समारोह में गया था अपनी मोटर सायकिल क्रमाँक एमपी 20 एमएम 9066 को सुशीला मैरिज गार्डन के गेट के पास अमखेरा में खड़ा कर शादी में चला गया था रात्रि करीब 12 बजे जब बाहर आकर देखा तो बाइक गायब थी। इसी प्रकार माढ़ोताल थाने में सुमित मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह श्री राम कालेज से कम्प्यूटर साईन्स से बी- टेक कर रहा है। सुबह 10 बजे अपनी बहन अंजली मिश्रा के साथ पेपर देने के लिये भाई अमित कुमार मिश्रा की मोटर साईकल क्रमांक एमपी 20 एम जेड 0264 से श्री राम कॉलेज आया था मोटरसाइकिल को श्री राम कालेज की दूसरी बिल्डिंग के सामने खडी कर पेपर देने चला गया था जब दोपहर करीबन 01.00 बजे वापस आकर देखा तो जहाँ मोटरसाइकिल गायब थी।

**इधर घर के बाहर से बाइक चोरी-** इसी प्रकार गोरखपुर थाने में रोशन झारिया निवासी टच एंड ग्लो ब्यूटी पार्लर के बाज से गली में दशमेश द्वार गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोटरसाइकिल स्पलेंडर प्रो क्रमांक एमपी 20 एम यू 3733 को ग्वारीघाट से आकर गाड़ी घर के बाजू से खडी किया था रात करीब 09.00 बजे गाड़ी घर के अंदर रखने के लिये बाहर गया तो देखा कि बाइक चोरी हो गई थी। इसी प्रकार प्रभुनाथ विश्वकर्मा निवास संजय नगर पानी की टंकी के पास भड़पुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोटरसाईकिल चांदमारी तलैया के आगे तेजबहादुर सिंह के घर के सामने अपनी मोटर साईकिल खड़ी करके उनके साथ उनके घर चला गया लौअकर आया तो बाइक गायब थी।

# रेस्टोरेंट में पिलाई जा रही थी शराब

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला पुलिस ने एक रेस्टोरेंट में दबिश दी तो वहां शराब पिलाई जा रही थी। पुलिस के मुताबिक बटरफ्लाई रेस्टोरेंट तिलहरी थाना बरेला जबलपुर के एक व्यक्ति अपने रेस्टोरेंट में लोगों को अवैध रूप से शराब पिला रहा था। सूचना पर दबिश दी गई। रेस्टोरेंट में अवैध रूप से शराब पिलाते हुए मिला पुलिस को देखकर ग्राहक भाग गये मौके पर आरोपी रोहित पुरुषवानी पिता स्व. प्रीतम पुरुषवानी 30 वर्ष निवासी आदर्श नगर को पकड़ा गया। मौके से शराब समेत अन्य सामान जब्त किया गया।

# युवक को बेल्ट से पीटा

**जबलपुर, देशबन्धु।** अधारताल थाना अंतर्गत इमलिया रेलवे पटरी पुल के पास अपनी गायों की तलाश कर रहे 19 वर्षीय आदित्य यादव के साथ समीर व सिद्धांत ने बेवजह गाली गलौज करते हुए उसकी बेल्ट से जमकर पिटाई कर दी। जिससे उसके हाथ, पैर, पीठ व चेहरे में चोट आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# हार्ट अटैक से महिला की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा थानातंर्गत मेडिकल कालेज सर्वेन्ट क्वार्टर निवासी 45 वर्षीय लक्ष्मी बाल्मीक को सीने में दर्द होने पर उपचापर के लिये भर्ती कराया गया था। जिनकी उपचार दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# ई-रिक्शा से आया चोर

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**जबलपुर, देशबन्धु।** मदन महल अंतर्गत हुई ऑटो चोरी का सीसीटीवी फुटेज सामने आये हैं। ऑटो की चोरी करने ई रिक्शा से चोर पहुंचे थे जो सीसीटीवी में कैद हो गए। वीडियो सोशल वारदात पर वायरल हो गया है जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि ऑटो चोरी का वीडियो सामने आया है। मामले की जांच की जा रही है साथी पीडित चालक को तलब कर एफआईआर दर्ज की जा रही है आरोपियों को जल्दी पकड़ लिया जाएगा।

# एमडी-एमएस काउंसलिंग के रिजल्ट पर रोक बरकरार

### हाईकोर्ट ने खारिज किया आवेदन

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमडी-एमएस कोर्स में दाखिले के लिए नीट पीजी काउंसलिंग में प्रदेश के रजिस्टर्ड कैंडिडेट्स की मैरिट सूची तैयार करने में दूसरी बार नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया अपनाये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने काउंसलिंग के रिजल्ट जारी करने पर रोक लगा दी थी। याचिका की सुनवाई के दौरान रिजल्ट जारी करने लगी रोक को हटाने के लिए आवेदन दायर किया गया था। जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विवेक सराफ की युगलपीठ ने रोक को बरकरार रखते हुए आवेदन को खारिज कर दिया।

रीवा के डॉ. अभिषेक शुक्ला व अन्य की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि नीट के नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया अपनाते हुए पीजी कोर्स में दाखिले के लिए मेरिट लिस्ट तैयार की गयी थी। प्रदेष सरकार द्वारा प्रदेष के रजिस्टर्ड कैंडिडेट्स की मैरिट लिस्ट तैयार करने में दूसरी बार नॉर्मलाइज़ेशन प्रोसेस को अपनाया गया है। जिसके कारण नीट के मैरिट लिस्ट में अच्छी रेटिंग होने के बावजूद भी प्रदेश की मेरिट लिस्ट में उनका स्थान नीचे हो गया।

याचिकाकर्ताओं की तरफ से बताया गया कि पहले राउंड के लिए चॉइस फिलिंग और चॉइस लॉकिंग की प्रक्रिया शुरु हो चुकी, जो 24 नवम्बर की रात 12 बजे तक चलेगी,जिसका रिजल्ट 26 नवम्बर को घोषित किया जाना है। एडमिशन की प्रक्रिया में नियमों का पालन नहीं हो रहा, पहले राउंड के रिजल्ट घोषित करने पर रोक लगाई जाए।

याचिका की सुनवाई करते हुए युगलपीठ ने अनावेदक को नोटिस जारी करते हुए रिजल्ट घोषित करने पर रोक लगा दी। संचालक मेडिकल एजुकेशन की तरफ से पेश किये गये जवाब में कहा गया कि नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस नई दिल्ली द्वारा मेरिट लिस्ट तैयार की गई है। इसके बाद मप्र में पूरी प्रक्रिया का विधिवत पालन किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन को अनावेदक बनाये जाने का आवेदन स्वीकार करते हुए नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। याचिका पर मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से रिजल्ट पर लगाई गयी रोक को हटाने आवेदन पेश किया गया। सुनवाई के बाद युगलपीठ ने आवेदन को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ताओं की तरफ अधिवक्ता आदित्य संघी ने पैरवी की।

## तेज रफतार में भागते माइंस वाहनों से बच्चों को खतरा

### हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्कूल समय के दौरान माइंस के लिए भागते वाहनों से पढ़ने आने वालों बच्चों की जान संभावित खतरे को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी है। याचिका की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने याचिका का निराकरण करते हुए सतना कलेक्टर को ओवर लोड हाइवा व माल वाहक वाहनों पर कार्यवाही के निर्देश दिये है। विश्व हिंदू पारस शिक्षा समिति के अध्यक्ष संजीव सिंह की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि उनकी समिति सतना जिले के ग्राम सीजहटा में स्कूल संचालित करती है। स्कूल के सामने बनी पीडब्ल्यूडी विभाग की रोड बगराई माइंस तक जाती है। इस रोड में माइंस में जाने वाले वाहन तेज रफ्तार में भागते है। इसके अलावा माल वाहक वाहनों में ओवरलोड माल भरा जाता है। जिसके कारण कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है।

याचिका में कहा गया था कि कभी भी कोई हादसा होने की संभावना बनी रहती है। जिसके कारण स्कूलों के लगने व छुटने के समय सडक पर भारी तथा माल वाहक वाहनों का प्रवेष प्रतिबंधित किये जाने की मांग करते हुए जिला कलेक्टर,एसडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आवेदन दिया था। आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण उक्त याचिका दायर की गयी है। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश के साथ याचिका का निराकरण कर जिला कलेक्टर को दो सप्ताह में कार्यवाही करने निर्देश जारी किये है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता गोपाल सिंह बघेल ने पैरवी की।




## पचास देसी प्रजाति के पौधे रोपने का आदेश

### आपराधिक अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट का फैसला

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने आपराधिक अवमानना के प्रकरण में क्षमा याचना स्वीकार करते हुए 50 देशी प्रजाति के पौधे रोपने के निर्देश जारी किये है। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कि पौधे की ऊंचाई 4 फीट से कम नहीं होनी चाहिये। वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी के आदेशानुसार बताये गये स्थान पर सबलगढ़ में पौधे का रोपण किया जायेया।

मुरैना जिले के संबलगढ़ न्यायालय द्वारा भेजे गए पत्र के आधार पर हाईकोर्ट अपराधिक अवमानना की सुनवाई कर रहा था। पत्र में कहा गया था कि त्रिवेणी नगर जयपुर, राजस्थान निवासी आरोपी राहुल साहू के विरुद्ध प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अभिषेक कुमार के न्यायालय में भरण-पोषण का मामला विचाराधीन था। उसकी पत्नी पूजा राठौर ने 7 मई 2024 को पूजा ने न्यायालय को सूचित किया कि राहुल ने उसके और न्यायालय के विरुद्ध अनर्गल टिप्पणी वाली पोस्ट इंटरनेट मीडिया पर अपलोड की है। पूजा ने उस पोस्ट का साक्ष्य भी न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने इस जानकारी को अभिलेख पर लेकर राहुल को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। उसने नोटिस का जवाब प्रस्तुत किया गया और व्यक्तिगत रूप से भी उपस्थित नहीं हुआ।

आपराधिक अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान आरोपी की तरफ से तर्क दिया गया कि वह सिर्फ दसवीं तक पढ़ा हुआ है। उसे कानून के संबंध में सीमित ज्ञान है। अदालतीय कार्यवाही तथा मर्यादा के संबंध में आवश्यक ज्ञान नहीं है। उसने बिना शर्त माफी मांगते हुए भविष्य में ऐसा नहीं करने बचन दिया।

युगलपीठ ने कोर्ट रूम में उपस्थित अधिवक्ता आदित्य संघी मामले में उनका सुझाव मांगा। उन्होंने अनावेदक की आर्थिक स्थिति व कम शिक्षित होने हवाला देते हुए समाज सेवा के लिए पौधे रोपण कराने की शर्त पर माफी स्वीकार करने का आग्रह किया। युगलपीठ ने आग्रह को स्वीकार करते हुए उक्त आदेश जारी किये।

## हाईकोर्ट ने नगर निगम का परिपत्र किया निरस्त

### भूमि हस्तांतरण पर प्रतिबंध का मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने नगर निगम कटनी द्वारा जारी एक परिपत्र अनुचित पाकर निरस्त कर दिया। इस परिपत्र के जरिए पंजीयक ने याचिकाकर्ताओं विवेक गांधी सहित अन्य की भूमि को शासन द्वारा अधिग्रहित किए जाने का हवाला देकर कोई भी हस्तांतरण करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि तत्कालीन नगर पालिका द्वारा वर्ष.1987 में याचिकाकर्ताओं की भूमि के अधिग्रहण का प्रस्ताव पारित किया गया था। लेकिन उस भूमि के अधिग्रहण के लिए अब तक प्रशासनिक स्वीकृत प्राप्त नहीं हुई। नगर निगम, कटनी की ओर से अधिवक्ता ने दलील दी कि नगर के सुव्यवस्थित विकास के लिए उक्त भूमि का अधिग्रहण आवश्यक है। वहीं हस्तक्षेप कर्ता वीर कुमार गांधी की ओर से तर्क दिया गया कि याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत याचिका में वर्णित भूमि में उसका भी अधिकार है। हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि नगर निगम, कटनी भूमि अधिग्रहण की मंशा का प्रस्ताव पारित कर इतने वर्षों के लिए भूमि को रोक कर नहीं रख सकता। इस तरह की कार्यवाही विधि विरुद्ध है। हस्ताक्षेपकर्ता व नगर निगम कटनी के तर्कों से असहमत होते हुए याचिका स्वीकार की जाती है। याचिकाकर्ताओं के विरुद्ध आदेश निरस्त किया जाता है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## आवास आवंटन में नर्स से पहले डॉक्टर को दो प्राथमिकता

### हाईकोर्ट ने सतना सीएमएचओ को दिए कार्रवाई के निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में कहा है कि डॉक्टर के लिए चिन्हित आवास किसी नर्स को आवंटित नहीं किया जा सकता। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने सतना के सीएमएचओ को कहा है कि आवास आवंटन के मामले में नर्स से पहले डॉक्टर को प्राथमिकता दी जाये।

सतना जिला अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर पद पर पदस्थ डॉ. विजेता राजपूत की ओर से यह मामला दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि डॉक्टर्स क्वार्टर में उन्हें आवास आवंटित किया गया था। आवेदक के अनुसार उनका आवास प्रथम तल पर था, जबकि भूतल पर एक नर्स को आवास दे दिया गया। आवेदक का दावा था कि भू-तल के आवास पर डॉक्टर होने के नाते पहला अधिकार उनका है। इस संबंध में दिए गए आवेदन पर कोई कार्रवाई न होने पर यह याचिका दायर की गई। मामले पर हुई सुनवाई के दौरान आवेदक की ओर से दिये गये तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने मामले का निराकरण करते हुए सीएमएचओ को कार्रवाई के निर्देश दिये है।

## आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को च्वाईस के अनुरूप दो पदस्थापना

### प्राथमिक शिक्षक भर्ती मामले में हाईकोर्ट के निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती से जुड़े मामले में निर्देशित किया है कि आरक्षित वर्ग (एससी एसटी व ओबीसी) के प्रतिभावान उम्मीदवारों को उनकी च्वाइस के अनुरूप पदस्थापना दें। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने आयुक्त लोक शिक्षण और आयुक्त ट्रायबल वेलफेयर को यह प्रक्रिया दो माह के भीतर पूरी करने के निर्देश दिये है।

मंडला निवासी अजीत यादव सहित अन्य की ओर से यह मामले दायर किये गये है। जिनकी ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि उन्हें ट्रायबल वेलफेयर विभाग द्वारा जनजातीय क्षेत्रों के स्कूलों में नियुक्ति दी गई है। वर्ष 2023 में प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती में याचिकाकर्ता आरक्षित वर्ग में मेरिट में आए थे। इन उम्मीदवारों को अनारक्षित वर्ग में माइग्रेट करके ट्राइबल क्षेत्र के स्कूलों में नियुक्ति दे दी गई। इन अभ्यर्थियों ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित स्कूलों को में प्रथम वरीयता करते हुए च्वाइस फिलिंग की थी। न्यायालय को बताया गया कि पूर्व में सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट ने इस संबंध में दिशा निर्देश दिए हैं। सुनवाई के बाद न्यायालय ने उक्त निर्देश के साथ याचिका का निराकरण कर दिया।

## प्रभारी प्राचार्य का पुन: सौंपा जाये दायित्व

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा एकलपीठ ने एक अवमानना याचिका का इस निर्देश के साथ निराकरण कर दिया कि अवमानना याचिकाकर्ता को पुनरू प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौंपा जाए। यह व्यवस्था जिला शिक्षा अधिकारी पन्ना के पूर्व आदेश को निरस्त करते हुए दी गई है।

अवमानना याचिकाकर्ता पन्ना निवासी रामप्यारे प्रजापति की ओर से कहा गया कि आयुक्त लोक शिक्षण के सात अगस्त 2024 के आदेश के परिप्रेक्ष्य में याचिकाकर्ता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बराछ विकासखंड पन्ना जिला पन्ना में प्रभारी प्राचार्य का दायित्व निर्वहन कर रहा था। लेकिन 27 सितंबर 2024 को उच्च माध्यमिक शिक्षक ऊषा सुनकर को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व दिए जाने का आदेश जारी कर दिया गया। याचिकाकर्ता ने इस आदेश को याचिका के जरिए चुनौती दी। हाईकोर्ट ने प्रारंभिक सुनवाई करते हुए 17 अक्टूबर 2024 को जिला शिक्षा अधिकारी पन्ना के आदेश पर स्थगन दे दिया। इसके बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी ने चार्ज नहीं दिया। जिसके बाद यह अवमानना याचिका दायर की गई। जिस पर सुनवाई करते हुए पन्ना के जिला शिक्षा अधिकारी रवि प्रकाश खरे को अवमानना नोटिस जारी किया गया। जिसके बाद न्यायालय ने जिला शिक्षा अधिकारी के जवाब को संतोषजनक न पाते हुए अवमानना याचिकाकर्ता के पक्ष में आदेश सुनाते हुए मामले का पटाक्षेप कर दिया।

## वेयर हाउसों की मैपिंग सहित प्रासंगिक व्यय के बैनर-पोस्टर दिखे नदारद

# केंद्र प्रभारियों ने डीएम के आदेश को दिखाया ठेंगा

### आठों समिति की धान खरीदी रही शून्य

**पाटन, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार ने समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी दो दिसंबर से होना सुनिश्चित की थी, लेकिन जिले की पाटन तहसील के अंतर्गत आने वाली जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा पाटन की आठों समिति प्रभारियों की उदासीनता के चलते दर्जनों खरीदी केंद्रों पर सुबह से लेकर शाम तक सन्नाटा पसरा रहा और किसान दिनभर इधर उधर भटकते रहे।

बताया जाता है कि खरीदी केंद्रों पर जिम्मेदारों के द्वारा वारदाना नहीं पहुंचाया गया जिसकी वजह से आज समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी नही हो सकी वही कलेक्टर सक्सेना की सख्ती का असर धान खरीदी केंद्र प्रभारियों पर नहीं हो रहा है जिसकी वजह से तहसील के सभी केंद्रों पर प्रासंगिक व्यय की जानकारी वाले पोस्टर जिनमें किसानों को बताना होगा कि किसान को धान की तुलाई,सिलाई व चौकाई का कोई भी शुल्क नहीं देना है। इस तरह के बैनर पोस्टर प्राय:सभी गोदामों से नदारद दिखे।

जानकार बताते हैं कि पाटन विस में धान के बिचौलिए सक्रिय है जिनके तार सत्ता पक्ष के शीर्ष नेता से जुड़े है। धान का सारा खेल उन्हीं के आशीर्वाद से आगामी दिनों में खेला जाएगा और करोड़ों रुपए की अवैध वसूली तुलाई,सिलाई व चौकाई के नाम पर किसानों से होने वाली है। यही कारण है कि जिम्मेदारों ने तहसील के सभी धान खरीदी केंद्रों पर बैनर पोस्टर अभी तक नहीं लगाए और न ही खाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का शिकायत निवारण व्यवस्था का बैनर पोस्टर जिसमें उपार्जन केन्द्र क्रमांक,उपार्जन संस्था का नाम,उपार्जन केन्द्र प्रभारी का नाम,केन्द्र प्रभारी का दूरभाष/ मोबाईल नंबर, नोडल अधिकारी का नाम,नोडल अधिकारी का दूरभाष/ मोबाइल, जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम का नंबर, राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम का नंबर, टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर अंकित हो इस तरह की सभी जानकारी केंदों में नहीं दिखी, जिससे किसानों को समर्थन मूल्य पर खरीदी जाने वाली धान के नियमों से किसान हमेशा अभिज्ञ रहे, तभी खरीदी केंद्रों के जिम्मेदार किसानों से लूटपाट कर सकेंगे और किसानों से लूटा हुआ पैसा आपने आका तक पहुंचा पाएंगे। सूत्र बता रहे है कि आठों समितियों के खरीदी केंद्र प्रभारियों के द्वारा किसानों को बताया जा रहा है कि अभी तक किसी भी वेयर हाउस की मैपिंग नहीं हो पाई है सोमवार रात्रि तक मैपिंग होने की संभावना है।

**इनका कहना है**

जब इस संबंध में समिति प्रबंधक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी खरीदी केंद्रों की मैपिंग नहीं हुई है। जब मैपिंग होगी तभी किसानों की धान खरीदी के स्लॉट बुक होंगे।

**रामस्वरूप रज़क**
**समिति प्रबंधक, सहसन,**
**कटरा बेलखेड़ा, सकरा**
**जिला सहकारी केंद्रीय बैंक**
**पाटन**

## मौसम बिगड़ने, बादल छाने से किसानों की चिंता बढ़ी

### दलहनी व तिलहनी फसलों को नुकसान होने के आसार, बदरी छटते ही और बढ़ेगी ठंड




**गांधीग्राम, देशबन्धु।** क्षेत्र में अचानक आसमान में बदरी छाई हुई है। आसमान पर बदरी अभी भी छाए रहने से बारिश होने की आशंका ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बदली छाने व आसमान की बदलती करवट ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

गौरतलब है कि इन दिनों क्षेत्र में किसान के खेतों में चना, मटर लगे हुए हैं। ऐसे में मौसम में अचानक से हुए परिवर्तन पर किसानों का चिंता करना भी जाहिर सी बात है। उन्हें भय है कि यदि अचानक बारिश हो गई तो उनकी चने,मटर, अरहर भीग जाएगी।मौसम के मिजाज से किसान परेशान हैं कि यदि इस वक्त हवा के साथ बारिश हुई तो उनकी हुई फसल खराब हो जाएगी और उनके करे कराए मेहनत पर भी पानी फिर जाएगा।

कई किसानों ने बताया कि उनकी चने की फसल इससे उन्हें खासा आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ेगा। गांधीग्राम व आसपास के ग्रामीणों के किसानों राम निरंजन दुबे, प्रकाश मिश्रा, वासुदेव,राजेश पटेल,भूपत चौरसिया, अरविन्द गौर, भानु प्रताप सिंह, कंछेदी लाल ने बताया कि बारिश के आसार तो लग रहे हैं। यहां आसमान में बादल छाए हुए है जो कि दिन भर बने रहें। यदि हम बात करे फसलों पर इसके असर की तो चने,मटर की फसलों में बादलों के रहने से माहू का प्रकोप हो सकता है, बारिश , हवा से फसल चौपट होगी। उन्होंने बताया कि बदरी के छटते ही तेजी से ठंड बढ़ेगी। इस प्रकार का मौसम एक सप्ताह तक लंबा खिंचने और अच्छी धूप न होने की वजह से दलहनी व तिलहनी फसलों को नुकसान होने के आसार बने हुए हैं।

**सार-समाचार**

## रजनीश सिंह कांग्रेस के जिला प्रभारी नियुक्त

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने विधायक रजनीश सिंह को जबलपुर जिला कांगेस का



जिला प्रभारी नियुक्त किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुमन कुमार जैन, दलवीर सिंह, राजकुमार जैन, राजेंद्र बन्धु जैन, नेकराम पटेल, अतुल जोसफ, सजय शर्मा, संजय जैन, संजय जैन, अमित जैन, डॉ. चंद्रेश जैन, डॉ. महेंद्र जैन, मिथलेश जैन, प्रशांत जैन, हाजी हामिद खान मोहम्मद असलम, डॉ. अलीम मंसूरी, मक़सद मंसूरी, नीलेश जैन, गोलू अजित जैन, अरविन्द पड़ा, सौरभ विश्वकर्मा, शेख शाहिद भाईजान आदि ने प्रदेशाध्यक्ष का आभार माना है, साथ ही रंजनीश सिंह के कांग्रेस के जिला प्रभारी बनने पर शुभकामनाएं दी हैं।

## भव्य और दिव्य रामकथा की निकली शोभायात्रा

**बरेला, देशबन्धु।** परहंस दादा ठनठन पाल महराज की समाधी



स्थल पर आज से 12 दिसम्बर तक परमपूज्य गुरुदेव स्वामी गिरीशानंद सरस्वती के मुखारविंद से रामकथा होने जा रही है। जिसकी विशाल शोभायात्रा मंगलवार को प्रात: 10 भैरव बाबा मंदिर बरेला से 501 कलश के साथ प्रारंभ हुई। कथावाचक स्वामी गिरीशानंद सरस्वती बघी में सवार होकर नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल जमुनिया पहुंचे। साथ में कीर्तन मंडल,सजीव झांकी, श्याम बैंड शामिल हुए। इस अवसरपर नगर में जगह जगह प्रसाद वितरणऔर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। आयोजन में देश के महान संत महात्मा भी शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजन समिति ने समस्त भक्तजनों से धर्मलाभ लेने कार्यक्रम में आने की अपील की है।

## भरदा पंचायत में हम होंगे कामयाब कार्यक्रम आयोजित

**पनागर, देशबन्धु।** हम होगे कामयाब पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन महिला बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी श्रीमती आराधना गर्ग के निदेशानुसार हम होगे कामयाब कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम की समस्त महिलाओं बालिकाओं को बाल विवाह के बारे मैं,लैंगिंग अपराध,बालिकाओं के साथ हो रहे शोषण के बारे मैं पनागर थाने की उपनिरीक्षक प्रियंका मेहरा द्वारा बहुत सारी जानकारी दी गई साथ मैं बाल विवाह रोकने के लिये महिला पर्यवेक्षक मुकुल प्यासी द्वारा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम मैं छोटी छोटी बालिकाओं ने नुक्कड़ नाटक करके यह संदेश दिया कि बालिकाओं के साथ हो रहे अपराध को रोका जाए समाज को जागरूक किया गया कार्यक्रम मैं उपस्थित जनपद सदस्य गीता मेहरा, एनजीओ पार्वती लोधी,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता रजक सहित ग्राम की महिलाएं एवं बालिकाएं उपस्थित रही कार्यक्रम को सफल बनाने मैं आसपास की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

## कलेक्टर के आदेश पर पनागर में भी हटाए गए अतिक्रमण

**पनागर, देशबन्धु।** नगर के आम जनों की बहु प्रतीक्षित मांग यातायात का सुचारु होना और नगर की मेंन रोड एवं अंदर के क्षेत्र में बढ़े हुए अतिक्रमणों को हटाना था विगद दिनों जिला कलेक्टर द्वारा आदेश दिए गए की संपूर्ण जिले में बढ़े हुए अतिक्रमणों को अलग कर चालानी कार्यवाही से दंडित करने के आदेश हुए थे, जिसके चलते पनागर में नगर पुलिस अधीक्षक प्रियंका करचाम, तहसीलदार प्रजीत बंसोड़, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष शर्मा, थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह के साथ संपूर्ण बल द्वारा नगर के अंदर बढ़े हुए अतिक्रमणों को हटाया गया, साथ ही दर्जनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए मुहिम पनागर में चालू की गई और अपील की गई कि जिन लोगों के अतिक्रमण बढ़े हुए हैं वह अपने संसाधनों के माध्यम से उन्हें अलग कर ले। वरना एक दो दिवस के अंदर समस्त बढ़े हुए अतिक्रमणों को प्रशासन द्वारा हटा दिया जाएगा। इससे पहले भी हुई कार्यवाही दिखावा बन कर रह गई थी- नगर के आम जानो में दिनांक 3 दिसम्बर को हुई प्रशासनिक कार्यवाही पर नगर के प्रवीण कोरी अंकित जैन ( रिंकू) आशीष चौहान निर्मल उपाध्याय अजय प्रजापति ने बताया कि प्रसाशनिक अमले द्वारा इसके पहले दर्जनों बार अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया है।

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में जागरुकता शिविर का आयोजन



**पाटन, देशबन्धु।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर ओमप्रकाश रजक अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पाटन के निर्देशन में सीएम रायस शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटन में आज दिनांक 03 दिसंबर 2024 को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित शिक्षकगण एवं छात्र/छात्राओं को दिव्यागजनों के लिए बनाए गए कानून, न्यायालय एवं दिव्यागजनों का अपमान अपराध की श्रेणी में आने के साथ ही लगने वाले जुर्माने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही दिव्यागजनों को शासन द्वारा उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में अवगत कराया गया। उक्त शिविर में दशरथ सिंह भिडे तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड पाटन,प्राचार्य सीएम राइस शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शिक्षकगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## 18 हजार कर्मचारी करेंगे जनसंपर्क, जबलपुर में मनोनित हुए पदाधिकारी

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय आवाहन पर प्रदेश में 18 हजार कर्मचारियों से 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक संपर्क किया जाएगा।

आज जबलपुर में प्रांतीय अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह, राजकुमार चंदेल, रजनीश विश्वकर्मा द्वारा जिला संयोजक, सह संयोजक, तहसील अध्यक्ष, सचिव को नियुक्ति पत्र दिए गए।

प्रदेश पदाधिकारियों का पुष्पहारों से स्वागत करते हुए उन्हें अंगवस्त्र व श्रीफल भेंट किए गए। मुख्यमंत्री चिकित्सा बीमा योजना,महंगाई भत्ता, लिपिक वर्ग की वेतन विसंगति दूर करने, आवास भत्ता, पदोन्नति, अनुकम्पा नियुक्ति की मांग को लेकर मांग की जाएगी, मंच से घोषणा की गई की मांगें नहीं मानी जैसे राष्ट्रीय प्रतिबद्धता से युक्त नारा दिया।

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के द्वारा दिनांक 24 सितंबर को जिला स्तर पर एवं 17 अक्टूबर को प्रदेश स्तर का आंदोलन अम्बेडकर पार्क में किया गया। जिसके उपरांत प्रदेश के कर्मचारियों को 4 प्रतिशत महगाई भत्ता प्राप्त हुआ। इसके साथ ही सघ का यह संकल्प है की प्रदेश के समस्त विभागों में कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों/ पेंशनरों को स्वास्थ्य बीमा की दायरे में लाया जाय एवं अतिशीघ्र पदोन्नति प्रारंभ की जाय। इस प्रकार की न्यायोचित मांगों के लिए संघर्षरत रहेगे। इस दौरान योगेंद्र दुबे, संजय यादव, अटल उपाध्याय, आलोक अग्निहोत्री, नरेश शुक्ला, प्रशांत सोंधिया, देवेंद्र पचौरी, रजनीश पांडे,नेतराम झारिया, सतीश उपाध्याय, मुकेश सिंह, योगेन्द्र मिश्रा, एस के चौबे, प्रकाश मिश्रा, विपिन नामदेव, अजय सिंह ठाकुर सहित हजार कर्मचारी उपस्थित थे।

**ये हैं मांगे-** मध्यप्रदेश में पुरानी पेंशन योजना वरिष्ठता के साथ लागू कि जाए। प्रदेश के अधिकारियों कर्मचारियों की पदोन्नतियां माननीय सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिका के अधीन उल्लेखित कर अति शीघ्र प्रारंभ की जाने जैसा कि पशुपालन विभाग के संचालक के पदोन्नति आदेश में उल्लेख किया गया है। प्रदेश के अधिकारियों कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान महगाई भत्ता देते हुए एरियर्स की राशि का भुगतान किया जाए। प्रदेश के अधिकारियों कर्मचारियों सहित निगम मंडल इत्यादि के अधिकारी/कर्मचारी को गृह भाडा भता व अन्य मते सातवें वेतनमान अनुसार केंद्रीय कर्मचारियों के समान दिया जाये। प्रदेश के अधिकारियों कर्मचारियों सहित पेंशनरों निगम महल इत्यादि में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ। मंत्री परिषद के आदेश दिनांक 4 अप्रैल 2020 के संदर्भ में किया जाए।

## सियार ने जबड़े में दबा लिया था बच्चे का सिर, चाचा ने लड़कर बचाई जान

**मैहर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मैहर जिले से रोंगटे खड़े करने वाला मामले सामने आया है। यहां एक युवक बच्चे को बचाने के लिए सियार से लड़ गया और अपने छह साल के भतीजे को बचा लिया। घटना रामनगर क्षेत्र के गोरसरी गांव की है। घटना की सूचना के बाद बच्चे और उसके चाचा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। जानकारी मुताबिक मंगलवार को छतरपुर निवासी छह वर्षीय रामदेव अहिरवार पिता देशराज अहिरवार घर के अंदर बिस्तर में लेट कर मोबाइल चला रहा था, तभी एक सियार ने उस पर हमला कर दिया। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर हल्के भाई अहिरवार पिता कलुआ बचाव करने पहुंचा। इस दौरान उसने बच्चे को तो बचा लिया, लेकिन सियार उस पर ही हमला कर दिया। फिलहाल दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बताया जाता है कि गोरसरी गांव में एलएंडटी कंपनी के द्वारा काम कराया जा रहा है। कंपनी के द्वारा टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। टंकी का निर्माण करने के लिए छतरपुर से कुछ परिवार अपने बच्चों को साथ लेकर पहुंचे हैं। फिलहाल इस घटना के बाद से श्रमिकों में हड़कंप मचा हुआ है। बच्चे के पिता देशराज अहिरवार अपनी जानकारी देते हुए बताया कि बच्चा बिस्तर में लेट कर मोबाइल चला रहा था, तभी जानवर हमला किया है। रोने की आवाज सुनने पर छोटे भाई ने बच्चे की जान बचाई है।

## प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिवस पर किया याद

**शहपुरा/ भिटोनी, देशबन्धु।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति व महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिवस पर कांग्रेस के वरिष्ठ सुमन कुमार जैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए चरणों में कोटि-कोटि विनयांजलि अर्पित की।

सरदार दलवीर सिंह जस्सल ने कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। अतुल जोसेफ ने कहा कि उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई जो सदैव स्मरणीय रहेगी। राजेंद्र जैन बंधु ने कहा कि डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने भारत गणराज्य का संविधान दिया था। नेकराम पटेल ने कहा कि डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रपति होने के अतिरिक्त उन्होंने भारत के पहले मंत्रिमंडल में 1946 एवं 1947 में कृषि और खाद्यमंत्री का दायित्व भी निभाया था।

राजकुमार जैन मामाजी ने कहा कि देश उन्हें सम्मान से उन्हें प्राय: राजेन्द्र बाबू कहकर पुकारा करते थे। इस अवसर पर सहयोगी मित्र संजय वर्मा, संजय जैन, डॉक्टर चंद्रेश जैन, डॉक्टर महेंद्र जैन, मिथिलेश जैन, प्रशांत जैन, राहुल कुमार, अमित जैन, युवा शानू बजाज, रिषभ मोदी, अनिल गुप्ता, अनिल जैन, अब्दुल रहमान मलिक, अभिमन्यु शर्मा, हाजी नूर मोहम्मद अल्वी, नदीम अल्वी, हाजी हामिद खान, मोहम्मद असलम, डॉक्टर अलीम मंसूरी, मकसूद मंसूरी, हाजी मिर्जा नूर वेग, ठाकुर अजय सिंह, नीलेश जैन सहित अन्य ने भी भारतरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद के योगदान का स्मारण करते हुए उनके चरणों में कोटि-कोटि नमन व्यक्त किया।

## हादसे में युवक की मौत

**कोतमा, देशबन्धु।** कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे शुक्ला ढ़ाबा के पास तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक को सामने से ठोकर मार दी, दुर्घटना में बाइक चालक की मौत हो गई। मामले की जानकारी के अनुसार 3 दिसम्बर मंगलवार की सुबह लगभग 11.30 बजे कोतमा से बिजुरी की ओर जा रही छोटा हाथी पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 18 जेडबी 1056 तेज रफ्तार होने पर शुक्ला ढ़ाबा के पास सामने से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 16 सीआर 0435 को जमकर ठोकर मार दी।

## 48 दीपक से की भक्तांबर महाआरती

**पनागर, देशबन्धु।** अखिल भारत वर्षीय शांतिनाथ दिगम्बर जैन महिला परिषद पनागर एवं महिलाओं द्वारा प्रतिदिन साइन 7-30 बजे श्री1008 चंद्र प्रभु सम्मेद शिखर मंदिर नायक में 48 दीपक से भक्तांबर महा आरती की जा रही है जिसमें बहुत संख्या में महिलाएं पहुंचकर धर्म लाभ ले रही हैं

मनोरमा संभाग संभागीय अध्यक्ष श्री मति स्नेह लता संभागीय सचिव श्री मति सीमा पनागर महिला परिषद की धार्मिक महिला परिषद की बहनों नें मिलकर नायक जी के मंदिर में विराजमान 108 नवाचार्य श्री समय सागर जी की बडी फोटो सुबह भक्ति भाव से रखी एवं इस अवसर पर आचार्य भगवन कीपूजन विधान और शाम को भक्तामर स्त्रोत के 48 दीपक जलाकर की भव्य मंगल आरती की .अध्यक्ष श्री मति प्रीति जैन, स्वाति जैन, रानी जैन, अर्चना नायक, ज्योति नायक जैन, पूर्व पार्षद विद्यासागर वार्ड मुक्त नायक, सीनियरिटी कमलेश जैन, शिल्पी जैन, नंदनी जैन, पूनम जैन, आराधना गोटिया, सविता गोटिया, सुधा जैन, श्रद्धा जैन मोदी, दीपिका नायक, मुस्कान जैन, विमला खजांची, संगीता खजांची, सीमा चौधरी, सरला मोदी, समीक्षा चौधरी, कीर्ति जैन सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थीं।

## अमय ने साऊथ अफ्रीका में जीता देश के लिए सोना

**सिहोरा, देशबन्धु।** साउथ अफ़्रीका में आयोजित की गई 11वीं कॉमन वेल्थ कराटे प्रतियोगिता में संस्कारधानी के अमय ने उम्दा खेल का प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया 9 वर्ष के अमय ने 4 फाइट खेल कर सभी में विजय हासिल की अमय ने साउथ अफ्रीका, श्रीलंका स्कॉटलैंड एवं ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को शिकस्त दी साथ ही में मधु ने भी अच्छे खेल का प्रदर्शन किया परंतु वह मेडल टैली में अपना नाम दर्ज नहीं करा सकीं।अमय की इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव श्री दिग्विजय सिंह जी एवं कराटे डेवलपमेंट एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष एडवोकेट जय सचदेवा जी ने बधाई दी।



## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में जागरुकता शिविर का आयोजन

**पाटन, देशबन्धु।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर ओमप्रकाश रजक अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पाटन के निर्देशन में सीएम रायस शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटन में आज दिनांक 03 दिसंबर 2024 को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित शिक्षकगण एवं छात्र/छात्राओं को दिव्यागजनों के लिए बनाए गए कानून, न्यायालय एवं दिव्यागजनों का अपमान अपराध की श्रेणी में आने के साथ ही लगने वाले जुर्माने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही दिव्यागजनों को शासन द्वारा उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में अवगत कराया गया। उक्त शिविर में दशरथ सिंह भिडे तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड पाटन,प्राचार्य सीएम राइस शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शिक्षकगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## शहपुरा में दिव्यांग बच्चों ने किया अपने खेल का प्रदर्शन



**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** विकासखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों की विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर के खेल मैदान में आयोजित किया गया। माध्यमिक एवं प्राथमिक विभाग की प्रथक प्रथक दिव्यांगता के अनुसार प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ 50 मीटर दौड़ पैदल चल ड्राइंग रंगोली, मेहंदी, गायन, नृत्य आदि का आयोजन किया गया, जिसमें 40 दिव्यांग बच्चों ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही सांकेतिक भाषा एवं ब्रेल लिपि में प्रशिक्षित शिक्षकों की भी प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें 5 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। विशिष्ट अतिथि विकासखंड शिक्षा समिति के अध्यक्ष प्रमोद शुक्ला एवं पत्रकार राजेश शुक्ला, जितेंद्र सिंह सेंगर, धनंजय शर्मा उपस्थित होकर प्रतियोगिता में उपस्थित सभी बच्चों को उत्साहवर्धन किया कार्यक्रम सम्मिलित सभी बच्चों को प्रमाण पत्र ड्राइंग सेट कंपास मैडल आदि वितरित कर उत्सवर्धन किया।

इस अवसर पर बच्चों के साथ आए उनके पालक एवं शिक्षक गण और अतिथियों का बीआरसीसी गणपत लाल झारिया ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीएससी अजय सिंह राजपूत, वीरेंद्र पटेल, बिंदु गुप्ता, योगेंद्र सिंह एमआरसी रीता तिवारी पुष्पेंद्र पांडे एवं समस्त स्टाफ एवं कार्यक्रम के संचालक के रूप में चंद्रभान कौरव का विशेष सहयोग रहा। खेल प्रभारी, शिक्षक नितिन तिवारी, महेंद्र प्रधान विशेष सहयोग अनूप झरिया भगवानदास विश्वकर्मा जय रजक व सरस्वती शिशु मंदिर शहपुरा प्राचार्य पूरन लाल साहू एवं समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

